सत्यमेव जयते

अध्यक्ष

संघ लोक सेवा आयोग

CHAIRPERSON

UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION

संदेश

01 अक्तूबर, 2024

मुझे संघ लोक सेवा आयोग के 98 वें स्थापना दिवस की सहभागी होने पर अत्यंत प्रसन्नता है। इस पावन अवसर पर मैं आयोग के अपने साथी माननीय सदस्यों, अधिकारियों और समस्त कार्मिकों को हार्दिक बधाई देती हूँ।

2. मैं पूर्व माननीय अध्यक्षों और सदस्यों की विशेष रूप से आभारी हूँ जिन्होंने आयोग की अखण्डता और सत्यनिष्ठा के उच्च मानकों को बनाए रखने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। हम सभी को अपनी महान संस्था के इस ऐतिहासिक दिवस पर गर्व है, जिसकी स्थापना 01 अक्तूबर, 1926 को हुई थी। इस लम्बी यात्रा में प्राप्त उपलब्धियों पर आत्मचिंतन करने का भी यह एक अवसर है और हम यह भी विचार करें कि वर्ष 2026 में इसकी शताब्दी मनाते समय इसे यादगार बनाने के लिए क्या सर्वोत्तम किया जा सकता है।

3. मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि अपनी इस लंबी यात्रा में आयोग ने अपने संवैधानिक दायित्व के निर्वहन में निष्पक्षता, श्रेष्ठता और सत्यनिष्ठा के सिद्धांतों को बनाए रखा है। इस देश के युवा, जो शासकीय (सिविल) सेवाओं का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं, वे हमारी ओर विश्वसनीयता, निष्पक्षता और आशा की किरण के रूप में देखते हैं।

4. यह मेरा परम सौभाग्य है कि मैं इस महान संस्थान जिसे सिविल सेवाओं का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है, का एक हिस्सा हूं। मेरे लिए, जिसने एक सिविल सेवक के रूप में सेवाएं दी हैं और मैं, उन सभी की ओर से कह रही हूँ कि आयोग विश्वसनीयता और निष्पक्षता का एक मंदिर है। आयोग के संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन में मेरे साथी माननीय सदस्यों का योगदान एवं उनका सहयोग वास्तव में अति प्रशंसनीय है और मैं उनके प्रति हृदय से कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहती हूँ।

धौलपुर हाऊस शाहजहां रोड नई दिल्ली 110 069 भारत
Dholpur House Shahjahan Road New Delhi 110 069 India
Telephone +91 11 233 81688, Fax 233 81145

5. लोक सेवाओं में भर्ती की प्रणाली में, निरंतर सुधार एवं नवीनीकरण की आवश्यकता रहती है। संघ लोक सेवा आयोग सदैव ऐसी भर्ती प्रणाली विकसित करने के लिए प्रयासरत रहा है जो लोक प्रशासन की लगातार बढ़ती विशिष्टताओं के लिए अपेक्षित कौशल एवं सामर्थ्य का परीक्षण कर सके। आयोग का ट्रैक रिकॉर्ड यह दर्शाता है कि हमारे संविधान निर्माताओं ने जो विश्वास इसमें व्यक्त किया था, यह उस पर खरा उतरा है और इन उपलब्धियों पर हमें गर्व होना चाहिए।

6. सर्वाधिक प्रतिष्ठित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2024, 16 जून, 2024 को आयोजित की गई थी और इसका परिणाम, रिकॉर्ड 15 दिन के भीतर अर्थात् 01 जुलाई, 2024 को घोषित कर दिया गया। यह दूसरी बार है, जब आयोग ने 15 दिनों के रिकॉर्ड समय के भीतर परिणाम घोषित किया है। इसी प्रकार, अन्य महत्वपूर्ण परीक्षाएँ जैसे सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2023, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी/सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा – वार्षिक रूप से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाती हैं। सम्मिलित अनुभाग अधिकारी (ग्रेड-'बी') सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षाएं, जो पिछले चार वर्षों से लंबित थी, को एक ही वर्ष के भीतर अधिसूचित और आयोजित किया गया। सीबीआई (डीएसपी) एलडीसीई परीक्षा, जो पांच वर्षों से अधिक समय से लंबित थी, को अधिसूचित किया गया और वर्ष 2023-24 के दौरान इसे सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह एक अभूतपूर्व कदम था, जिसमें विस्तृत योजना और समन्वय की आवश्यकता थी ताकि कई चुनौतियों के बावजूद यह सुनिश्चित किया जा सके कि परीक्षाएं निर्बाधरूप से एवं कुशलतापूर्वक आयोजित की जाएं।

7. परीक्षाओं की अक्षुण्णता और निष्पक्षता को बढ़ाने के लिए इस कार्यक्षेत्र (डोमेन) की सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाने के लिए, आयोग सदैव प्रयासरत रहा है। इस प्रक्रिया के एक भाग के रूप में, परीक्षाओं के संचालन में शामिल प्रक्रिया को मजबूत करने हेतु, अन्य बातों के साथ-साथ, कई नई पहल की गई हैं। आयोग की परीक्षा प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाने हेतु परीक्षा के दौरान, आयोग के माननीय सदस्यों द्वारा परीक्षा केंद्रों का दौरा करने की प्रथा को पुनः प्रारंभ करने के साथ-साथ, आधार-आधारित उँगली चिह्न (फिंगरप्रिंट) प्रमाणीकरण/डिजिटल फिंगरप्रिंट कैप्चरिंग और उम्मीदवारों के चेहरे की पहचान करने की प्रणाली प्रारंभ की जा रही है। आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र के कारगिल और लेह में दो नए केंद्र खोले गए हैं।

8. तकनीकी विकास के साथ तालमेल बिठाते हुए, आयोग द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। इनमें कर्मचारी सुझाव पोर्टल का शुभारंभ; उम्मीदवारों के लिए सूचना अर्थात अधिसूचना, परिणाम आदि के लिए संघ लोक सेवा आयोग की आधिकारिक लिंक्डइन प्रोफाइल का सृजन एवं उसका क्रियान्वयन; मंत्रालयों/विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निजी कम्पनियों के साथ गैर-अनुशंसित उम्मीदवारों की सूचना को सार्वजनिक रूप से साझा करने हेतु एक 'ऐप' का विकास, जिससे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निजी कम्पनियों को इन गैर-अनुशंसित उम्मीदवारों में से चयन करने का अवसर मिल सके, शामिल हैं।

9. सभी मंत्रालयों/विभागों से भर्ती के लिए संबंधित वर्ष के पूरे कैलेंडर वर्ष के लिए एकल खिड़की प्रणाली (एस डब्ल्यू एस) के तहत वार्षिक आधार पर विस्तृत अधियाचनाओं को स्वीकार करने की आयोग की पहल क्रियान्वित की गई और 01 जनवरी से 31 मार्च 2024 के दौरान यह सफल रही। भर्ती मामलों के तहत रिक्तियों को भरने के लिए 6 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, उनकी जांच की गई और आगे की कार्रवाई की गई।

10. परीक्षाएं और भर्ती सुगमतापूर्वक आयोजित करने के अलावा, आयोग को सौंपे गए अन्य महत्वपूर्ण संवैधानिक कार्यों को भी पर्याप्त रूप से सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया। एकल खिड़की प्रणाली (एस डब्ल्यू एस) के अन्तर्गत विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) हेतु लगभग 900 प्रस्ताव प्राप्त हुए। डीपीसी प्रस्तावों के निपटान के लिए आयोग द्वारा लिया गया औसत समय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा अधिदेशित समय से बहुत कम था। एकल खिड़की प्रणाली (एस डब्ल्यू एस) के अंतर्गत 113 प्रतिनियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त हुए और आयोग द्वारा निर्धारित 180 दिनों की समय सीमा की तुलना में प्रतिनियुक्ति प्रस्तावों के निपटान में औसतन लगभग 91 दिनों का ही समय लगा।

11. अनुशासनिक मामलों को निपटाने में अनावश्यक विलंब से बचने के लिए, आयोग ने राज्यों से प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए एकल खिड़की प्रणाली आरंभ की है। 500 से अधिक अनुशासनिक मामलों का निपटान किया गया है। आयोग ने केंद्र सरकार, संघ शासित क्षेत्रों और सांविधिक संगठनों आदि के 400 से अधिक पदों के लिए भर्ती नियम बनाने/उनमें संशोधन करने के प्रस्तावों पर अपना परामर्श दिया।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न राज्यों में पुलिस महानिदेशक के पद पर नियुक्ति के लिए भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का पैनल तैयार करने के लिए पैनल समिति की बैठकें आयोजित करने के साथ-साथ चयन समिति और पुनरीक्षण चयन समिति की 88 बैठकें आयोजित की गईं।

12. राज्य लोक सेवा आयोगों और अन्य देशों के ऐसे समान संस्थानों से विचार-विमर्श करने के पीछे मूल भावना यही रहती है कि एक दूसरे के ज्ञान को साझा किया जाए और सर्वोत्तम पद्धतियों का प्रचार-प्रसार किया जाए। आयोग ने 13 मार्च, 2024 को मॉरीशस गणराज्य के लोक सेवा आयोग के साथ चार वर्ष की अवधि के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

13. यद्यपि मैंने केवल कुछ शाखाओं की उपलब्धियों का उल्लेख किया है, किन्तु यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि शेष सभी शाखाओं ने भी आयोग के कार्यों को सुचारू और कुशलतापूर्वक निष्पादित करने के लिए, कुछ मामलों में स्टाफ की कमी के बावजूद, समान रूप से योगदान दिया है। मैं आप सभी का आयोग की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ।

14. इस वर्ष, आयोग में कार्यरत कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए एक कर्मचारी सम्मान योजना आरंभ की गई है। ऐसे कर्मचारियों को "वर्ष का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी" के रूप में मान्यता देने के साथ-साथ नकद प्रोत्साहन और प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। यह योजना भविष्य में संघ लोक सेवा आयोग के कर्मचारियों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करने में सहायक होगी।

15. आयोग राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में लगातार वृद्धि करने के प्रति पूर्णरूप से संवेदनशील है तथा राजभाषा विभाग द्वारा सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग के लिए जारी वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। आयोग में हिंदी के प्रयोग में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। आयोग की वेबसाइट हिंदी और अंग्रेजी द्विभाषी रूप में है।

16. आयोग द्वारा अपने कार्यालय परिसर को साफ रखने के लिए स्वच्छता संबंधी गतिविधियों की दिशा में भी अनेक कदम उठाए गए हैं। आयोग में स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रम जैसे कि स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता और अंतर-शाखा स्वच्छता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

17. आयोग के स्थापना दिवस पर, मैं 02 अक्तूबर को "गांधी जयंती" के उपलक्ष्य में आप सभी को अपनी शुभकामनाएं देना चाहूंगी। मैं आप सभी का आह्वान करती हूँ कि महान नेता को श्रद्धांजलि देने में मेरे साथ आएं, जिनका जीवन हमारे लिए केवल एक प्रेरणास्रोत ही नहीं बल्कि सादगी, शक्ति और निस्वार्थ सेवा का एक मूर्त रूप है।

18. आयोग के सभी अधिकारियों और कार्मिकों के द्वारा दिए गए सतत और अमूल्य योगदान के लिए मैं हार्दिक धन्यवाद देती हूँ और आशा करती हूँ कि हम सभी मिलकर प्रयास करते रहेंगे और आयोग को नई ऊचाईयों पर ले जाएंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपकी सतत् प्रतिबद्धता, समर्थन और योगदान से आयोग सर्वोच्च मानकों को बनाए रखते हुए अपने संवैधानिक दायित्वों की पूर्ति करता रहेगा।

मैं पुनः सभी को इस पावन अवसर पर अनंत शुभकामनाएं देती हूँ।

"जय हिंद"

प्री. सू. 1X24

प्रीति सूदन

अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग